# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में दीक्षांत सह दादा-दादी सम्मान समारोह का आयोजन

**नैतिक शिक्षा का ज्ञान बच्चे बुजुर्गों से ही प्राप्त करते हैं : प्राचार्य डा एके सिंह**

**कक्षा प्रेप से प्रथम कक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को गाउन पहनाकर, पदक तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया**

## बुजुर्गों के आदर्श जीवन से सीख लें बच्चे : शैक्षिक निदेशक सिम्मी मेहता





खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में ग्रेजुएशन सेरेमनी (दीक्षांत) सह दादा-दादी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की पारंपरिक प्रथानुसार कक्षा प्रेप से प्रथम कक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को गाउन पहनाकर, पदक तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाता है। बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए इस समारोह का आयोजन किया जाता है। इस समारोह के आयोजन का एक मुख्य उद्देश्य समारोह में बच्चों के दादा-दादी तथा नाना-नानी अभिभावक स्वरूप आते हैं, जिनका सम्मान ही मुख्य ध्येय है। इससे यह ज्ञात होता है कि बच्चों के जीवन में दादा-दादी की भी महती भूमिका होती है। इस अवसर पर ऑक्सफोर्ड ग्रुप के शैक्षिक निदेशक सिम्मी मेहता एवं विद्यालय प्राचार्य डॉ ए के सिंह के द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के ग्रैंड पैरेंट्स का अभिवादन करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के सिंह ने कहा कि ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर में पांचवीं बार इस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम बच्चों को प्रोत्साहित करने के साथ ही दो पीढ़ियों के बीच सेतु का काम करता है। जो रिश्ता, बिना किसी शर्त के होता है- वह अनंत होता है। उनका अनुभव और नजरिया बच्चों को जीवन की हर परिस्थितियों से जूझने की शक्ति देता है। प्राचार्य ने कहा कि दादा-दादी एवं नाना-नानी के सर्वोगीण गुणों का समावेश बच्चों में होता है। उनके द्वारा ही बच्चों को घर-बाहर में अनुशासन, शिष्टाचार और सुसंस्कार की शिक्षा दिया जाता है। वे हमें सूर्योदय के साथ जगना, उठकर बड़ों का पैर छूकर प्रणाम करना, माता-पिता व बड़ों की आज्ञा मानना एवं बुजुर्गों की सेवा करना सिखाते हैं। नैतिक शिक्षा का ज्ञान बच्चे बुजुर्गों से ही प्राप्त करते हैं। वे भविष्य में चरित्रवान तथा आदर्श मनुष्य बनने की शिक्षा हमें देते हैं। हमें आजीवन दादा-दादी, नाना-नानी की सेवा करनी चाहिए। कार्यक्रम का आरंभ गणेश वंदना से हुआ। अतिथियों का स्वागत बच्चों ने नृत्य द्वारा किया। छात्रों के द्वारा बुजुर्गों के सम्मान पर आधारित लघु नाटिका का मंचन किया गया। ऑक्सफोर्ड में ही कक्षा प्रेप से उत्तीर्ण 98 छात्रों को पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। ऑक्सफोर्ड ग्रुप के शैक्षिक निदेशक सिम्मी मेहता ने कहा कि रांची विद्यालय की पुरातन परंपरा अनुसार आयोजित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर की यह पांचवीं ग्रेजुएशन सेरेमनी है। यह कार्यक्रम दोनों पीढ़ियों के मध्य नजदीकियां बढ़ाता है। उन्होंने विद्यालय द्वारा इस आयोजन की बहुत सराहना की। हमें बुजुर्गों की आज्ञा का पालन कर उनके आदर्श जीवन से सीख लेनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका शिवांगी आनन्द तथा मीनू सिंह द्वारा किया। अंत में शिक्षिका तनुश्री के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक तथा शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### डॉ मेहता ने सुना पीएम के मन की बात



मेदिनीनगर। पांकी विधायक सह विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने विधानसभा क्षेत्र के प्रखंड नीलांबर पीताम्बरपुर के ग्राम कोईरीपतरा में अपने बुथ संख्या 176 पर पीएम की 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। डॉ मेहता ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के विचार और मार्गदर्शन से प्रेरणा लेकर हम सब पांकी के विकास के लिए समर्पित हैं। जनता जनार्दन का समर्थन और सहयोग ही हमारी ताकत है।

### केएन त्रिपाठी ने किया सुदना व सदर प्रखंड के कई गांवों का दौरा



मेदिनीनगर। नगर निगम क्षेत्र के सूदना के विभिन्न इलाकों एवं सदर प्रखंड के पोखराहा, सरजा, चौकिदार टोला, नावाडीह, बरेवा, बढकीनेभी, नउवाढोढ, कुण्डेलवा के सभी टोला एवं झाबर के सभी टोला आदि ग्रामों में पूर्व मंत्री सह कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने सघन दौरा किया। मौके पर स्थानीय लोगों द्वारा त्रिपाठी का स्वागत जोश व उत्साह के साथ किया गया। त्रिपाठी ने लोगों से कहा कि इन दस वर्षों में जनता ने सब कुछ खो दिया। जनता ने अपने अधिकारों को खो दिया। उनको इन दस वर्षों में कुछ नहीं मिला। लोग अपने अधिकारों के रक्षा के लिए एक नेता का चयन करें। यहां के विधायक के उदासीन रवैया एवं दस सालों के अकर्मण्यता से मुक्ति दिलाना है। उन्होंने कहा कि जनता ने मौका दिया तो पांच वर्षों में क्षेत्र की तस्वीर बदल देंगे। मौके पर कार्यकर्ता, समर्थक व ग्रामीण शामिल थे।

### छठ पूजा को लेकर पंचसरोवर मंदिर के कमिटी का पुनर्गठन



हुसैनाबाद पलामू। शहर के एक नम्बर वार्ड पंचसरोवर छठ घाट पर श्रद्धालुओं के सुविधा व आयोजन को भव्य बनाने को लेकर एक बैठक की गई। जिसमे सर्वसम्मति से कमिटी का पुनर्गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता श्यामा प्रसाद विश्वकर्मा उर्फ भोला विश्वकर्मा ने की। जबकि संचालन अखिलेश यादव ने किया। बैठक में छठ पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही पदों का सृजन कर पदाधिकारियों एवं सदस्यों का चयन किया गया जिसमें रामजनम सिंह यादव, विनय कुमार सिंह यादव, रविन्द्र चौधरी, अरविंद सिंह एवं सुरेश ठाकुर को संरक्षक जबकि भोला विश्वकर्मा को अध्यक्ष, डॉ निरंजन प्रसाद उपाध्यक्ष, अखिलेश यादव सचिव, विजय कुमार यादव, रविकांत सिंह एवं शेखर कुमार सिंह उप सचिव, वीरेंद्र कुमार कोषाध्यक्ष, मुकेश विश्वकर्मा, राजू कुमार पासवान उप कोषाध्यक्ष, शशिकांत सिंह, शंकर शाह, कन्हाई यादव एवं लक्की कुमार को अंकेक्षक, रमेश प्रसाद, राजेश कुमार, शैलेश कुमार एवं लालदीप कुमार को मीडिया प्रभारी, शिवप्रसाद चंद्रवंशी, लोहा सिंह एवं चन्द्र देव रजवार को अखंड प्रमुख, डॉ राजीव रंजन को सजावट प्रमुख के अलावे सदस्यों के रूप में पिंटू चंद्रवंशी, संतोष कुमार यादव, चितरंजन प्रसाद, अनिल कुमार, विनोद कुमार प्रजापति, मुन्ना चंद्र वंशी, राजू रंजन चौधरी, राहुल चंद्र वंशी, अमित कुमार, अरविंद यादव, छोटू यादव, गुड्डू सिंह, खखनु राम चंदन कुमार चौधरी, रिंकू यादव, धर्मेन्द्र शर्मा, हर्ष अंशुमान आदि का नाम हैं।

### बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की बैठक आयोजित




मेदिनीनगर। बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की बैठक कचहरी परिसर में की गई। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। बैठक में सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति की मांग को लेकर चलाए जा रहे आंदोलन की समीक्षा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया की 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की 149 वी जयंती धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। वे महान क्रांतिकारी एवं समाज सुधारक थे। बिरसा मुंडा शोषण दमन अन्याय के खिलाफ संघर्ष किए थे अन्याय के साथ कभी समझौता नहीं किया। आजादी की लड़ाई में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बैठक में जुबेर अंसारी गणेश चंद्र उपेंद्र तिवारी मिथिलेश पासवान जलील अंसारी सनी कुमार पासवान मंटू सिंह कृष्ण राम व कई लोग उपस्थित थे।

### युवा नेता दिलीप सिंह नामधारी ने किया तूफानी दौरा




मेदिनीनगर। युवा नेता दिलीप सिंह नामधारी ने चैनपुर प्रखंड के ग्राम लादी, बलथरवा, रानीताल, टेमराई एवं नेउरा का तूफानी दौरा किया। मौके पर ग्रामीणों ने नामधारी से कहा कि 15 वर्षो में जो सड़कों का हाल है और गांवों में जो बदहाली है उसके जिम्मेवार पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक हैं। उन्होंने इस क्षेत्र को कहीं का भी नहीं छोड़ा है तथा इस बार बदलाव चाहिए। ग्रामीणों ने नामधारी जी के कार्यकाल को काफी सराहा। नामधारी ने कहा कि जनता हमें मौका देगी तो क्षेत्र का तस्वीर बदल देंगे। मौके पर काफी संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक शामिल थे।

### कांग्रेस प्रत्याशी सुधीर ने चेगौना धाम में जीत के लिए मांगा मन्नत



पाटन पलामू। कांग्रेस प्रत्याशी सुधीर कुमार चंद्रवंशी ने चेगौना धाम में पूजा अर्चना कर विश्रामपुर विधानसभा से जीत की मन्नत मांगी। मौके पर मजदूर कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनिल सिंह, ओबीसी कांग्रेस उपाध्यक्ष बबलू गुप्ता, पड़वा प्रखंड अध्यक्ष सुनील पासवान, पाटन प्रखंड उपाध्यक्ष सज्जाद अली उपस्थित थे। सुधीर ने कहा कि चेगौनाधाम हिंदूओं के आस्था का प्रतीक है। यहां जो भी लोग सच्चे मन से मन्नत मांगते हैं उनका मन्नत पूरा हो जाता है।

### भाजपा के प्रमुख नेताओं एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक आयोजित



हुसैनाबाद पलामू। भाजपा के हुसैनाबाद विधानसभा कार्यालय विश्वकर्मा कॉम्पलेक्स में पार्टी के प्रमुख नेताओं एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने एवं संचालन हुसैनाबाद के मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद ने किया। बैठक में उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रमंडलीय प्रभारी विकास प्रीतम ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि भाजपा नेताओं नही, कार्यकर्ताओं की पार्टी है। जबकि झामुमो और कांग्रेस परिवार की पार्टी है। जब से झामुमो की सरकार बनी है तब से हेमंत सोरेन ने झारखंड को लूटने का काम किया है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह को विजई बनाने की बात कही। प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान ने कहा कि हेमंत सोरेन झारखंड को विकास नहीं विनाश की राह पर ले जा रहे हैं। जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि हेमंत सोरेन ने झारखंड के बालू को दूसरे राज्यों में बेचने का काम किया है। विधायक लाल बहादुर चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार में झारखंड में लोग रात भर निर्भीक होकर सफर करते थे लेकिन हेमंत ने उग्रवाद को बढ़ावा देकर झारखंड को बबार्दी के कगार पर ले जाने का कार्य किया है।

# क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार का विकास करना पहली प्राथमिकता : विनोद सिन्हा



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र का हाल पूरी तरह बदहाल है। आज तक यहां बुनियादी समस्याओं का समाधान नहीं हो सका है। सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पेयजल, बच्चों के लिए बुनियादी शिक्षा, चिकित्सा का घोर अभाव है। यहां गांव में रहनेवाले अधिकांश लोग चुवाडी का पानी पिने पर मजबूर हैं। उक्त बातें पांकी बिधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे कुशवाहा बिनोद सिन्हा ने कही। सिन्हा ने कहा कि जब पुरे प्रदेश में एक ही सरकार है तो गांव व शहर के लोगों की जिंदगी में इतनी विविधता क्यों? रांची और पांकी मे इतना अंतर क्यों? सिन्हा ने कहा की रांची अथवा शहरों मे रहने वाले लोग आरओ व मिनरल वाटर पी रहे हैं और गांव वाले कुआँ चापाकल व चुवाडी का पानी से किसी प्रकार काम चला रहे हैं। सिन्हा ने कहा कि उनका एकमात्र उद्देश्य पांकी क्षेत्र को विकास के नए आयामों तक पहुंचाना है। कुशवाहा बिनोद सिन्हा ने कहा कि वे जनसेवा के माध्यम से पांकी विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने जनता को विश्वास दिलाया कि यदि उन्हें अपना प्रतिनिधि चुना जाता है, तो पांकी क्षेत्र का परिदृश्य पूरी तरह बदल जाएगा। उनके अनुसार, इस क्षेत्र की जनता का विश्वास उनकी सबसे बड़ी ताकत है, और इसे बरकरार रखने के लिए वे दिन-रात काम करने के लिए तैयार हैं। सिन्हा ने अपने वक्तव्य में यह भी कहा कि क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी ढांचे का विकास उनकी प्राथमिकताओं में रहेगा। क्षेत्र में उद्योग-धंधों को बढ़ावा देने की योजना भी उनके एजेंडे में शामिल है।

# हक और अधिकार की लड़ाई को जनता पहुंचायेगी मुकाम तक : ब्रह्मदेव प्रसाद

**विभिन्न दलों के दर्जनों लोग ओबीसी एकता अधिकार मंच में हुए शामिल**



खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** विभिन्न दलों के दर्जनों लोग रविवार को ओबीसी एकता अधिकार मंच में शामिल हुए जिसमे महिलाओं की संख्या काफी थी। सभी को मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने मंच का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। यह मिलन समारोह मंच के बिश्रामपुर कार्यालय में आयोजित किया गया था।

भाजपा, बसपा और राजद से मंच में शामिल हुए सभी लोगों ने विस चुनाव में ब्रह्मदेव प्रसाद को जिताने का संकल्प लिया। मौके पर ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि सड़क दुर्घटना की आड़ में मेरी हत्या का प्रयास किया गया। भगवान के आशीर्वाद और जनता के स्नेह से मै जीवित बचा। गंभीर रूप से घायल होने के बाद चुनाव लड़ने की इच्छा नहीं थी, लेकिन क्षेत्र की जनता व समर्थकों के आग्रह पर चुनाव लड़ रहा हूं। इस चुनावी लड़ाई को जनता ही मुकाम तक पहुंचाएगी। उन्होंने कहा कि यह चुनाव हक, अधिकार, आरक्षण और आत्मसम्मान बचाने का है। बिश्रामपुर विस क्षेत्र से बेरोजगारी और भ्रष्टाचार दूर करने का चुनाव है। मंच में शामिल होने वालों में दुलारी देवी, प्रमिला देवी, अनिता देवी, रंजू देवी, सरिता देवी, ऊषा देवी, सरोज देवी, उर्मिला देवी, रानी देवी, बिंदु कुंवर, चंदन चौधरी, संजय चौधरी, धनंजय चौधरी, अमित, राजीव रंजन ठाकुर, तेतरी देवी, शारदा कुंवर, संतोष प्रसाद, मनोज विश्वकर्मा, मनीष गुप्ता, अविनाश कुमार सिंह, रंजन प्रसाद, दीपक कुमार पाल, जयकांत पाल, विवेक साव, विकास ठाकुर, प्रेमचंद कुमार, मुकेश मेहता, दीपक यादव, ब्रजेश शर्मा, जगरनाथ चौधरी, मुखलाल चंद्रवंशी, राहुल मेहता, नजरुद्दीन अंसारी, विवेक कुमार, जय प्रकाश राम, प्रमोद राम, अरविंद चौधरी, आयुष रंजन, मुन्ना साव, उज्जवल पटेल, राजू पासवान, रितेश शर्मा आदि शामिल थे।

## चुनाव को लेकर सपा की हुई बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** सपा कार्यकर्ताओं की बैठक रविवार को बिश्रामपुर पार्टी कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता श्यामबिहारी विश्वकर्मा व संचालन सलीमुदीन अंसारी ने किया। बैठक में चुनावी रणनीति पर चर्चा हुई। बूथ जीतो चुनाव जीता का नारा दिया गया। इसके अलावा सपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी प्रत्यासी अंजू सिंह को चुनाव जीताने का संकल्प लिया। मौके पर अभिमन्यु सिंह ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने अपने बूथ पर फोकस करें और अंजू सिंह को बढ़त दिलाने का प्रयास करें। जब हम बूथ जीतेंगे तो ही चुनाव जीतेंगे। सपा नेत्री सह विस प्रत्याशी अंजू सिंह ने कहा कि परिवर्तन की बयार बह चुकी है, बस कार्यकर्ता इस बयार को सुनामी में बदलने हेतु जुट जाएं। मौके पर वरीय सपा नेता नईमुद्दीन अंसारी, प्रवीण सिंह, उस्मान अंसारी सतेंद्र पांडेय, सूर्यदेव यादव, गुड्डू शुक्ला, विनोद कुमार, शिवम राज, उपेन्द्र यादव, हसनैन अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## जागृति दुबे के पक्ष में चला जनसंपर्क



खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** झारखंड युवा विकास पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष रजनीश रंजन दुबे उर्फ विकाश दुबे ने रविवार को प्रत्याशी जागृति दुबे के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया। इसके तहत दुबे भंडार, बसना, ब्रह्मोरिया, शंखा, केतात सहित दर्जनों गांवों में जाकर जागृति दुबे के लिए समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि बिश्रामपुर को भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने का समय आ गया है।

आप हमे समर्थन दें, हम आपको भ्रष्टाचार मुक्त और विकसित बिश्रामपुर देंगे। मौके पर विवेक शुक्ला, मुखिया रवि शंकर चौबे उर्फ सेठ चौबे, तोलरा मुखिया रोहित तिवारी, शेष पासवान, आलोक पांडे, छोटू पाण्डेय, डबल पांडेय, बूबून पाण्डेय, धर्मेंद्र पाण्डेय, अनूपम पाण्डेय, रामू दुबे सहित कई लोग मौजूद थे।

### पेड़ काटने से बगीचे का अस्तित्व खतरे में



सतबरवा पलामू। टीचर ट्रेनिंग कालेज के आम बगीचा में इन दिनों छठ महापर्व के बहाने धड़ल्ले से आम के मोटे डाली को काटा जा रहा है। जिससे बगीचे की अस्तित्व खतरे में पड़ सकती है। इसी तरह धड़ल्ले से आम पेड़ की कटाई जारी रहा तो एक दिन ऐसा दिन आएगा वर्षों पुरानी आम का बगीचा समाप्त हो जाएगा। इससे पर्यावरण का भी खतरा है। पेड़ की कटाई पर कई लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। पर्यावरणविद सुनील गांधी ने बताया कि छठ महापर्व में आम की लकड़ी का बहुत महत्व है लेकिन इस बहाने आम के पेड़ को काटना कहीं से भी उचित नहीं है। पेड़ से सुखे डाली को काटना चाहिए ताकि पेड़ जिंदा रहे और पर्यावरण सुरक्षित रहे। उन्होंने कहा कि हमने ट्रेनिंग कालेज कैम्पस में करीब आधा दर्जन बरगद और पीपल के पेड़ लगाए हैं जो आज वह विशाल पेड़ का रूप धारण कर लिया है। गांधी आम लोगों से आग्रह किया है कि बागीचे से हरा आम के डाली को नहीं काटे। सुखे डाली को काट कर पूजा पाठ करें।

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

सतबरवा। सतबरवा थाना क्षेत्र के तुम्बागड़ा गांव के सगही टोला में नरेश भुइयां के 26 वर्षीया पत्नी तेतरी देवी के द्वारा अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना रविवार के दोपहर की बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि घटना कैसे और क्यों हुई इसकी जांच की जा रही है। प्रथम दृश्टया पारिवारिक विवाद होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। शव पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेज दिया गया है।

### निरंजन समेत पाटन भाजपा मंडल के पदाधिकारियों ने दिया पार्टी से इस्तीफा

पाटन पलामू। भाजपा के जिला कार्यसमिति सदस्य निरंजन पासवान समेत पाटन भाजपा मंडल के 13 पदाधिकारियों ने पार्टी के प्राथमिकत सदस्यता व सभी पदों से इस्तिफा दे दिया है। इसे लेकर किशुनपुर काली मंदिर के प्रांगण में भाजपा के कार्यकर्ताओं व जिला पदाधिकारी समेत मंडल के पदाधिकारियों की सामूहिक बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता मंडल मंत्री आनंद सिंह ने की। कहा गया कि भाजपा नेता विधायक पुष्पा देवी व उनके पति पूर्व सांसद मनोज कुमार के कार्यशैली से क्षुब्ध होकर सामूहिक इस्तिफा दिया है। इस्तिफा देनेवालों में पाटन मंडल मंत्री आनंद सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य निरंजन पासवान, पाटन मंडल उपाध्यक्ष गोपाल पासवान, सत्येंद्र सिंह पाटन मंडल मीडिया प्रभारी, पाटन मंडल मंत्री धीरेंद्र सिंह, बूथ अध्यक्ष उमाशंकर सिंह, रामबोला पासवान,पंचायत सह संयोजक हीसरा बरवाडीह धर्मदेव उरांव, बूथ अध्यक्ष अशोक पासवान, सतीश सिंह, बूथ कैप्टन बृजबिहारी सिंह, नागेंद्र दूबे, सुभाष साव का नाम शामिल है।

### पाटन : जंगल से वृद्ध का शव बरामद

पाटन पलामू। पाटन थाना क्षेत्र के कोलहुआ किशैनी गांव निवासी स्वर्गीय रामेश्वर सिंह के पुत्र अवधेश सिंह उम्र 63 वर्ष का शव पाटन थाना क्षेत्र के अगनवा खैरका जंगल से पाटन थाना की पुलिस ने बरामद किया है। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि अवधेश सिंह शनिवार की सुबह अपने घर से खाना पीना खाकर मवेशी चराने निकले थे। जिसके बाद से वह अपने घर नहीं लौटे। रविवार की सुबह परिजन उनकी तलाश में निकले तो पता चला कि अवधेश सिंह का शव अगनवा खैरका जंगल में पड़ा हुआ है। पाटन थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर वहीं घटना की जानकारी मिलने पर पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह अस्पताल पहुंचकर अपने देखरेख में मृतक का पोस्टमार्टम करवाया। इधर पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

## कुशवाहा शिवपूजन मेहता के नेतृत्व में कई दलों के लोगों ने थामा बसपा का दामन



खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** बसपा प्रत्याशी व पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता के नेतृत्व में एनसीपी और राजद को छोड़ कर राजकुमार प्रजापति, शिवशंकर, अनिल रजवार, अरविन्द रजवार, प्रभु यादव, प्रदीप पासवान, बीरेंद्र पासवान, दीपू पासवान, रंजन, राकेश पासवान, पंचम साव, फईम अंसारी, जमील, उपेंद्र यादव, अरुण बैठा, सुरजीत चंद्रवंशी, मुकेश, सतेन्द्र प्रजापति, अनिल, धीरेन्द्र प्रजापति, जय कुश, ओमप्रकाश सहित दर्जनों लोगों ने बसपा का दामन थाम लिया। कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने सभी को माला एवं पार्टी का पट्टा देकर सदस्यता दिलाई। मौके पर बसपा के पुनीत अम्बेडकर, राज अली, रविरौशन पूर्व, गुरु प्रसाद, मदन भारती, विकास चंद्रवंशी, राजू पासवान, सुमेश राम, गणेश चौधरी, मनोज भारती, दिलीप राम, भोला राम, शशि बैठा, संजय बैठा, पियूष सुमन, सोनू राम, विनोद राम, इरफान साहिद, महताब आलम, वसीम हैदर, रेहान भाई, उमर मो इसूफ रामराज, राम नारायण राम, चंदन राम अक्षय मुकेश, ओमप्रकाश राम, प्रमोद, दिनेश मेहता आदि मौजूद थे।

## जनता योग्य उम्मीदवार को चुनकर भेजेगी विधानसभा : राधाकृष्ण किशोर



खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** छतरपुर के पूर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर ने अपनी जीत का दावा करते हुए कहा कि इस बार पाटन छतरपुर विधानसभा के लोगों ने क्षेत्र के विकास को लेकर वोट देने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि निवर्तमान विधायक पुष्पा देवी के कार्यकाल से लोगों में भारी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि अबकी बार पाटन छतरपुर की जनता योग्य उम्मीदवार को चुनकर विधानसभा में भेजना चाहती है। पाटन छतरपुर विस से कांग्रेस को सभी वर्गों का जन समर्थन मिल रहा है। खासकर मुस्लिम मतदाता कांग्रेस पार्टी के पछ में खुलकर मतदान करने वाले हैं। छतरपुर की जनता भाजपा को हराने के लिए कमर कस लिया है। पूर्व विधायक के साथ सैंकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# क्षेत्र में विकास कार्यों के आधार पर जनता हमें आशीर्वाद देगी : आलोक

**भाजपा प्रत्याशी ने चैनपुर के कई पंचायतों में चलाया जनसमर्पक अभियान**



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर/चैनपुर।** डालटनगंज-चैनपुर-भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सह पूर्व विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने चैनपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जनसमर्पक अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने जनता से आशीर्वाद देने की अपील की और पिछले 10 वर्षों में क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों पर संवाद स्थापित किया। उन्होंने कहा कि सभी चुनौतियों का सामना करते हुए उन्होंने क्षेत्र को विकास की नई राह पर ले जाने का संकल्प लिया और जनता के समर्थन से इसे सफल बनाया। उन्होंने कहा कि जनता किये गये विकास कार्यों के आधार पर मतदान करेगी। कहा कि क्षेत्र के अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए जनता का आशीर्वाद जरूरी है। श्री चौरसिया ने मतौली, बोड़ी, कोइरी टोला, धासी टोला, मंदिर टोला, चेरो टोला, मतौली, स्कूल टोला, और मतौली मोड़, पंचायत - करसो के गांवों कोइरी टोला, लेमोइया टोला, पुरान टोला, यादव टोला, खेरवा टोला, केलहार और पंचलेवा में दौरा किया। चौरसिया ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में उन्होंने क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी, और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया है। उन्होंने कहा कि सड़का, शिक्षा, स्वास्थ्य समेत कई बुनियादी सुविधा शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाया है। चौरसिया ने आगे कहा कि यदि जनता का आशीर्वाद उन्हें फिर प्राप्त हुआ, तो वे क्षेत्र में और अधिक विकास कार्य करेंगे और क्षेत्र के हर नागरिक की उन्नति के लिए काम करेंगे। मौके पर कार्यकर्ता, समर्थक व ग्रामीण शामिल थे।

# वोट बहिष्कार की खबर मिलते ही बीडीओ पहुंचे हुरदागा, ग्रामीणों को दिया आश्वासन



खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के नावाजयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हुरदगा में रोड नहीं बनने के कारण ग्रामीणों ने विधानसभा चुनाव में बूथ संख्या 254 पर वोट बहिष्कार करने की बात कही थी। इसकी जानकारी मिलते ही विशेष शाखा झारखंड रांची द्वारा अधिसूचना जारी कर लोगों को जागरूक करने की बात पलामू उपायुक्त एवं पलामू पुलिस अधीक्षक को लिखी गई थी। इधर खबर की सूचना प्राप्त होते ही पाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ अमित कुमार झा एवं थाना प्रभारी कमल किशोर पाण्डेय शनिवार को हुरदागा गांव पहुंचे। जहां ग्रामीणों की समस्याओं समझा एवं समस्या निदान हेतु आश्वासन भी दिया। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव में सभी लोगों को निर्भीक एवं निष्पक्ष होकर वोटिंग करने के लिए अपील किया। साथ ही बताया कि वोट बहिष्कार करना समस्या का निदान नहीं है। वोट बहिष्कार करना लोकतंत्र को हत्या करने के बराबर है। आप अपना वोट सही एवं योग्य उम्मीदवार को दे। ताकि आपकी क्षेत्र की विकास हो सकें। साथ ही बताया कि ग्रामीणों की रोड की समस्या थी जिसे लेकर ग्रामीणों के साथ बातचीत हुई सड़क निर्माण में कुछ रैयति प्लॉट पड़ता है जिस वजह से सड़क निर्माण नहीं हो पा रहा है ग्रामीणों ने इन समस्या को जल्द ही आपस मे निदान करें इसकी सूचना प्रशासनिक पदाधिकारी को देंगे और सड़क निर्माण कार्य को पूर्ण की जाएगी। मौके पर नावाखास मुखिया मनोज कुमार नावाजयपुर प्रभारी कमल किशोर पाण्डेय, नवल राम, नरेश राम, निरंजन कुमार वर्मा, भुनेश्वर राम महेश चौहान, अंगद कुमार, चंचल कुमार, सुजमानिया देवी बसंती देवी विमली अनीता सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# ईडी की कार्रवाई के अफवाह से क्रशर खादान रहे बंद, चर्चा का बाजार गर्म

खबर मन्त्र संवाददाता



**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा क्रशर उद्योग हरिपुर में रविवार को भेड़िया आया भेड़िया आया वाली कहावत चरितार्थ हुई ईडी के भय से हरिपुर मौजा में संचालित सभी क्रशर बंद रहे यहां हवा उड़ी की हरिपुर मौजा स्थित सी टी एस कंपनी के क्रेशर में ईडी का छापा पड़ा है जिसको लेकर देखते ही देखते संपूर्ण हरिपुर मौजा में चल रहे क्रेशर बंद हो गए। चौक चौराहे पर क्रेशर मालिकों की भीड़ लग गई केवल यही चर्चा हो रही थी की भीतर में कितनी गाड़ियां हैं कौन आया है क्योंकि सीटीएस कंपनी के गेट पर ताला बंद कर दिया गया था। स्थानीय लोगों का माने तो दो चार पहिया वाहन में कुछ पदाधिकारी आए थे लेकिन यह पता नहीं चला कि वह किस विभाग के पदाधिकारी हैं। मौके पर पहुंचने पर सीटीएस कंपनी के कैंपस में कोई भी गाड़ी या अधिकारी मौजूद नहीं पाया गया। साहिबगंज जिला अंतर्गत क्रशर उद्योग में लगातार ईडी द्वारा छापेमारी किए जाने से ही यह कयास लगाया जा रहा है कि ईडी का ही यह छापा है क्योंकि सीटीएस कंपनी के साहिबगंज मिर्जा चौकी स्थित क्रेशर प्लांट में भी लगातार दो दिनों से ईडी का छापा पड़ने का मामला चर्चा में है। सच्चाई जो भी हो लेकिन ईडी का भय से रविवार को शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के हरिपुर मौजा में देखने को मिला।

# आयुक्त ने विधानसभा आम चुनाव की तैयारियों का किया समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता





**बोकारो।** विधानसभा आम चुनाव के निमित्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल आयुक्त हजारीबाग पवन कुमार ने समाहरणालय सभागार में तैयारियों की समीक्षा बैठक की। बैठक में डीईओ सह उपायुक्त विजया जाधव डीडीसी गिरजा शंकर प्रसाद सामग्री कोषांग की नोडल पदाधिकारी मेनका क्षेत्रीय उप निदेशक मनोज कुमार निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ चास सुश्री प्रांजल ढ़ांडा निवार्ची पदाधिकारी सह डीसीएलआर चास प्रभाष दत्ता निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ आदि उपस्थित थे।

समीक्षा क्रम में प्रमंडल आयुक्त ने 1200 से ज्यादा मतदाता वाले मतदान केंद्र पर अतिरिक्त मतदान कर्मी की जानकारी ली। डीईओ श्रीमती जाधव ने विस्तृत रूप से पूरी जानकारी दी। मतदान केंद्रों में एएमएफ सुविधा को लेकर डीईओ ने कहा कि मतदान केंद्रों पर एएमएफ सुविधा यथा बिजली पानी शौचालय रैंप व्हीलचेयर फर्नीचर साइनेज हेल्पडेस्क आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है। काफी पहले से इसको लेकर तैयारी शुरू की गई थी। सीमावर्ती/अंतर्राज्यीय क्षेत्रों में एसएसटी चेक पोस्ट के संबंध में उन्होंने बताया कि कुल 15 एसएसटी चेकपोस्ट बनाया गया है। इसके अलावा फ्लाइंग स्कावाड वीएसटी आदि टीम का भी गठन किया गया है। बीएलओ को मतदाता सूचना पर्ची वितरण के लिए विधानसभावार जागरूकता सत्र आयोजित कर जानकारी दी गई है। प्रमंडल आयुक्त ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर किए जा रहें कार्यों के संबंध में समीक्षा की। मौके पर विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी से भी अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की। मौके पर वाहन कोषांग की नोडल पदाधिकारी वंदना शेजवलकर सहित सभी संबद्ध पदाधिकारी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### डीसी-एसपी ने किया चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण



**पाकुड़।** निष्पक्ष एवं भयमुक्त माहौल में विधानसभा आम चुनाव 2024 के सफल संचालन को लेकर रविवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के द्वारा अन्तरर्राज्यीय चेकपोस्ट राधानगर एवं ईच्छानगर चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पाकुड़िया व बंगाल को जोड़ने वाली सीमा का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किये गये इंतजामों का जायजा लिया गया। साथ ही अन्तरारार्जीय सीमाओं पर सघन जांच कराने के अलावा विशेष सतर्कता बरतने का निदेश दिया गया। वहीं जांच कार्य में पारदर्शिता बरतते हुए आपतिजनक सामानों की जब्ती सुनिश्चित करने का निदेश संबंधित अधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया। साथ ही सीमावर्ती ईलाकों में आपसी समन्वय के साथ विशेष छापेमारी चलाने का निर्देश दिया गया।

### झामुमो के दो स्टार प्रचारक लिट्टीपाड़ा में करेंगे चुनावी सभा को सम्बोधित

**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)।** झामुमो के स्टार प्रचारक व दिशोम शिबू सोरेन के पुत्र वधु कल्पना सोरेन सोमवार को लिट्टीपाड़ा के नवाडीह फुटबाल मैदान में पार्टी प्रत्यासी हेमलाल मुर्मू के पक्ष में सोमवार को चुनावी सभा को सम्बोधित करेगी। जिसको लेकर रविवार को लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के पार्टी प्रत्याशी हेमलाल मुर्मू ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर कार्यकताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। झामुमो के जिला सचिव सुलेमान बास्की ने बताया कि सोमवार को लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र से हेमलाल मुर्मू व महेशपुर विधानसभा क्षेत्र से प्रो स्टीफन मरांडी नामांकन दाखिल करेंगे ।नामांकन के दौरान स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन उपस्थित रहेगी। नामांकन के पश्चात कल्पना सोरेन लिट्टीपाड़ा के नवाडीह मैदान में एक बजे व महेशपुर के चिलमपुर में बारह बजे एक चुनावी सभा कर अपने पार्टी प्रत्यासी के पक्ष में वोट डालने के लिए लोगो से अपील करेगी। मौके पर झामुमो नेता रंजन साहा, करुण मंडल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रकाश लाल सिंह आज करेंगे नॉमिनेशन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/गोमिया।** रविवार को साडम स्थित प्रकाश लाल सिंह के आवास पर क्षेत्र के लोगों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व मंत्री माधवलाल सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में 28 अक्टूबर को नॉमिनेशन रणनीति पर चर्चा की।

बैठक में सर्वसम्मति से क्षेत्रवासियों ने कहा कि पूर्व मंत्री माधवलाल सिंह ने गोमिया विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक रहते हुए कई विकास और ऐतिहासिक कार्य किए हैं। इसी क्रम में अब उनके पुत्र प्रकाश लाल सिंह को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। बैठक में बताया गया कि प्रकाश लाल सिंह 28 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करेंगे।



**जनसमर्थन की अपील**

बैठक में मौजूद लोगों ने कहा कि जिस प्रकार से पूर्व मंत्री माधवलाल सिंह को जनता ने चार बार समर्थन देकर विधानसभा भेजा था, उसी तरह अब उनके पुत्र प्रकाश लाल सिंह को समर्थन देकर विधानसभा में भेजने का संकल्प लेना चाहिए।

**चुनाव में जनता का समर्थन अहम**

बैठक में सभी ने प्रकाश लाल सिंह की उम्मीदवारी को लेकर सकारात्मक रुख दिखाया और जनता से अपील की कि वे प्रकाश लाल सिंह को अपना समर्थन देकर क्षेत्र के विकास को निरंतरता प्रदान करें. इस बैठक ने गोमिया विधानसभा क्षेत्र में चुनावी माहौल को और गर्म कर दिया है, जहां पूर्व मंत्री माधवलाल सिंह के पुत्र की उम्मीदवारी क्षेत्र के विकास और जनता के बीच मजबूत संबंध का संदेश दे रही है।

**बैठक में उपस्थित लोग**

इस अवसर पर कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे, जिनमें सूरज लाल सिंह, जिप सदस्य आकाश लाल सिंह, अधिवक्ता नंदकिशोर प्रसाद, अरुण सिंह, पूर्व जिप सदस्य गुल शरीफ, दिलीप सिंह, जगदंब प्रसाद, रविंद्र प्रसाद, प्रदीप रवानी, देवनारायण यादव, राजू सिंह, शमीम अंसारी, धीरन चंद्र दे, रंजित साव, बबलू यादव, विद्यानंद प्रसाद, मो वारिश, अमित सिंह, सुमनजय सिंह, जीतू पांडेय, बिनोद प्रसाद, बलराम प्रसाद आदि शामिल थे।

## एक नजर में

### गोमिया से निर्दलीय प्रत्याशी नामांकन के पूर्व ही शुरू कर दी राजनीतिक जमीन बनाने की कवायद



**बेरमो/गोमिया।** गोमिया विधानसभा के तथाकथित निर्दलीय प्रत्याशी चितरंजन साव नामांकन से पुर्व ही अपनी जीत सुनिश्चित करने की जुगत में भीड़े नजर आ रहे हैं। उनके अनुसार वे 29 अक्टूबर को तेनुघाट मे निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में पर्चा दाखिल करेगे। मगर नामांकन के पुर्व की उनकी कार्य प्रणाली यह बताती है कि वे अपनी जीत पक्की करने की कोई कोर कसर बाकी रखना नही चाहते। इसका उदाहरण लगातार देखने को मिल रहा है। बीते दिनों गोमिया स्थित तैलिक साहू धर्मशाला में 17 पंचायत के पंचायत प्रतिनिधियों के अलावे क्षेत्र के सैकड़ों समर्थकों के साथ एक बैठक कर रायशुमारी की और रविवार यानी आज उनका काफिला पेटरवार प्रखंड एवं कसमार प्रखंड के पंचायत पहुचा जहां उन्होंने पंचायत प्रभारी एवं प्रमुख कार्यकताओं की एक अहम बैठक दातू पंचायत के बाबा ढाबा में रखी। जिसमें 29 अक्टूबर को नामांकन हेतु गोमिया के विधायक प्रत्याशी चितरंजन साव को समर्थन करने व नामांकन स्थल पहुंचने का कार्यकताओं से आग्रह किया गया।

### कांग्रेस प्रत्याशी निशात आलम कार्यकर्ताओं से हुई रुबरु



**पाकुड़।** पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र में अब यह बात हर कोई जानता है कि गठबंधन धर्म के तहत पाकुड़ विधानसभा आम चुनाव 2024 में कांग्रेस की ओर से विधायक आलम की धर्मपत्नी पाकुर विधानसभा से महागठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती निशात आलम चुनाव मैदान में हैं। रविवार को पहली बार घर की दहलीज से निकलकर पाकुड़ कांग्रेस भवन में कार्यकताओं से रूबरू हुई एवं अपनी मन की बातों को कार्यकताओं के साथ सांझा किया। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है की महिलाएं अपने घर से निकले और एक सभ्य सुरक्षित समाज की निर्माण करें। उन्होंने कहा कि मैं पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र से चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में आप सबों के सामने उपस्थित हूं और अपने पति के अधूरे काम जो उन्होंने कल्पना की थी उसे विकास के माध्यम से ऊंचाइयों तक ले जाऊंगी। यह हमारा वादा है। आप सब तन मन लगाकर कांग्रेस पार्टी को जीतने में अपना पूरा मन लगा दे। सरकार महागठबंधन की ही बनेगी। उन्होंने कहा 29 अक्टूबर को मैं अपना नामांकन पर्चा दाखिल करूंगी। श्रीमती निशाद आलम ने पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के आम नागरिकों माता बहनों युवाओं से आग्रह क्या है कि वे घर की दहलीज से बाहर निकलकर 2024 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में मतदान करें और अपने हक के लिए हमारा साथ दें।

### वेदांता ईएसएल स्टील में रक्तदान शिविर का आयोजन



**बोकारो।** वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड के सीएसआर विभाग के साथ साझेदारी में ईएसएल स्टील लिमिटेड के कर्मचारी स्वयंसेवी पहल वी फॉर सोसाइटी द्वारा सियालजोरी प्लांट परिसर में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसी के साथ ईएसएल स्टील इस वर्ष बोकारो जिले में सबसे अधिक रक्तदान करने वाला संगठन बन गया है जिसे भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी बोकारो द्वारा भी प्रमाणित किया गया है। यह रक्तदान शिविर भी भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी बोकारो और ईएसएल स्टील सीएसआर के स्वास्थ्य हस्तक्षेप कार्यान्वयन भागीदार सिटीजन फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया। प्लांट परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में 87 यूनिट रक्तदान किया गया। इसमें संयंत्र के सभी कर्मचारियों ने भाग लिया जिसमें श्रमिक संविदा श्रमिक तकनीशियन अधिकारी व्यावसायिक भागीदार एवं प्रबंधन स्तर के कर्मचारी शामिल रहे। मौके पर बोकारो के सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने अपने संबोधन में मानव जीवन में रक्त के महत्वपूर्ण के रेखांकित किया। सात ही शिविर में एक यूनिट रक्तदान भी किया। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी बोकारो के अध्यक्ष डॉ बी के मिश्रा ने भी उपस्थित लोगों को यह समझाया कि रक्तदान के बाद शरीर कैसे मजबूत होता है। ईएसएल स्टील के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा ने सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

### भाजपा प्रत्याशी सुरेश मुर्मू नामांकन करेंगे आज

**जामा।** जामा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी सुरेश मुर्मू आज अपना नामांकन पर्चा भरेंगे। नामांकन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रविवार बैठक जामा स्थित पुराना कार्यालय में आयोजित किया। जिसमें कार्यक्रम की सफलता को लेकर विचार विमर्श किया। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी सुरेश मुर्मू ने कहा पंचायत स्तर के सभी कार्यकताओं को नामांकन सभा कार्यक्रम यज्ञ मैदान में पहुंचने का आमंत्रण दिया गया है। जहां भाजपा चुनाव सह प्रभारी असम के मुख्यमंत्री हमंता विश्वाशर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। बैठक में भाजपा विधनासभा प्रभारी सीताराम पाठक, भाजपा नेता इंद्रकांत यादव, राजू प्रसाद दर्वे, मुन्ना यादव, रामयश कुमार, विजय मंडल, धन्नजय प्रसाद, आनंदी राउत, प्रदीप कुमार, शंभू पंडित, राजेश खिरहर, मोहन राउत, राजकिशोर, हेमंत, परमानंद, कुमोद, भदेश्वर, आदि मौजूद थे।

### झारखंड आंदोलनकारी रहे गौरी शंकर महतो भाजपा छोड़ झामुमो का दामन थामेंगे

**बेरमो।** झारखंड आंदोलनकारी रहे गौरी शंकर महतो सात वर्ष के लंबे अंतराल के बाद भाजपा छोड़ पुनः झामुमो का दामन थामेंगे। जिसकी तैयारी झामुमो के कार्यकर्ता जोर शोर से कर रहे हैं। 28 अक्टूबर को सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष भाजपा नेता गौरीशंकर महतो झामुमो की सदस्यता पुनः ग्रहण करेंगे। बतादे कि पूर्व शिक्षा मंत्री स्वर्गीय जगरनाथ महतो के कभी दाहिना हाथ रहे गौरी शंकर महतो वैचारिक मतभेद के कारण सात वर्ष पूर्व भाजपा में आ गए थे। गौरी शंकर महतो की झामुमो में शामिल होने की खबर से झामुमो कार्यकर्ता में जबरदस्त उत्साह व खुशी देखी जा रही है।

# अधिकारियों ने सेफी उपाध्यक्ष बनने पर अजय पांडेय को किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो स्टील ऑफिसर्स एसोसिएशन के सेक्टर 4 एफ स्थित कार्यालय में आयोजित एक बैठक में जेओ 2008-10 बैच के लंबित मुद्दों पर चर्चा हुई और आगे की कार्य योजना तैयार की गई। बैठक में अधिकारियों ने बोकारो स्टील ऑफिसर्स एसोसिएशन के महासचिव एवं सेफी के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष अजय कुमार पांडेय को सेफी में ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी और उन्हें सम्मानित किया। अधिकारियों ने बताया कि बोकारो के इतिहास में आज तक कोई सेफी वाइस चेयरमैन का पद हासिल नहीं कर पाया था। पिछले कई वर्षों से सेफी में बोकारो का प्रतिनिधित्व नहीं मिल पा रहा था। लेकिन इस बार अजय पांडेय ने वाइस चेयरमैन का पद जीतकर न सिर्फ बोकारो को सेफी स्तर पर प्रतिनिधित्व दिलवाया बल्कि अपने नेतृत्व का लोहा भी मनवा लिया। अजय पांडेय पहली बार 2012 में वित्त एवं लेखा विभाग के जोनल रिप्रेजेंटेटिव बने और लगातार चार बार इस पद बने रहे। इन्होंने पहली बार सेफी में उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होकर बोकारो का मान बढ़ाया है। इस मौके पर मनोज कुमार मुरारी प्रसाद यूसी कुम्भकार एके चौबे सुरेश प्रसाद एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मोबाईल से नाता तोड़ो, मैदान की ओर दौड़ो : शेखर

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** समाजसेवी शशि शेखर ने तेनुघाट गोल्डन जुबली मैदान में क्रिकेट टूनामेंट के उद्घाटन के दौरान बताया कि हमारे द्वारा अभी एक अभियान चलाया जा रहा है कि मोबाइल से नाता छोड़ो और मैदान की ओर दौड़ो। इस अभियान के तहत आज तेनुघाट गोल्डन जुबली मैदान में क्रिकेट टूनामेंट की आयोजन की शुरूआत की गई। इससे बच्चों के उत्साह बढ़ेगा और वे स्वस्थ रहेंगे। जैसा कि आप जानते हैं कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद का भी हमारे जीवन में काफी ही महत्व है। तेनुघाट टी एस सी के द्वारा कराए जा रहे है क्रिकेट टूनामेंट में रविवार को उद्घाटन मैच में तोपचाची की टीम ने मिजार्पुर की टीम को पांच विकेट से हराया। तोपचाची की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मिजार्पुर की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में बाबा के 31 रन और अंकुश के 15 रनों के बदौलत 71 रन बनाए। तोपचाची की ओर से विक्की ने दो, राज मनोज और सुनील ने एक एक विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी खेलते हुए तोपचाची ने सुनील के 19 विनोद के 14 और सावन के 13 रनों के बदौलत पांच विकेट से मैच जीत लिया । मैच में हरफनमौला प्रदर्शन के लिए सुनील को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। वही मैच में अंपायर हर्षित गुरु और दीपक यादव, स्कोरर अनिकेत नंदन और सौरभ सिंह तथा कमेंटेटर शिवम कटरियार मौजूद थे।

# अवैध लाटरी के साथ एक युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

खबर मन्त्र संवाददाता



**उधवा/साहिबगंज।** अवैध रूप से लॉटरी का टिकट बेचने के आरोप में राधानगर पुलिस ने रविवार को सलीम शेख नामक एक व्यक्ति को लॉटरी का टिकट बेंचते हुए रंगे हाथ पड़कर जेल भेज दिया। इस संबंध में राधानगर के थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडे ने बताया कि राधानगर थाना अंतर्गत उधवा प्रखंड के पंचायत पतौड़ पहाड़गांव निवासी सलीम शेख को करीब 183 पीस अवैध लॉटरी के टिकटों के साथ पकड़ा गया है लगभग 41100 की कीमत बताई जा रही है। बता दें कि इन दिनों जिले के अलग-अलग जगहों पर अवैध लॉटरी का अवैध कारोबार पांव पसार रहा है पुलिस लगातार इस कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए गिरफ्तारी भी कर रही है, लेकिन अधिक फायदा होने के कारण इस कारोबार में युवा ज्यादा संलिप्त हो गए हैं। लॉटरी के टिकट बेचने वाले आरोपी के ऊपर कांड संख्या 197/24 के तहत मामले दर्ज किया गया है वही राधानगर थाने की पुलिस ने गिरफ्तार युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# आरपीआई जिला अध्यक्ष झामुमो मे शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** चुनाव के मौसम आते ही ऐसे ऐसे अजब गजब नजारे देखने को मिलते हैं जिसे देख अपनी आंखों और कानों पर भरोसा ही नहीं होता कि ऐसी घटनाएं भी घट सकती है मगर तस्वीर कभी झुठ नही बोलती। इसी तरह की एक घटना उस समय चिनियागढ़ा मे आयोजित झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद चुनावी सभा के दौरान देखने को मिली। जब एकाएक एक नाम की घोषणा हुई की रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया अठावले गुट के बोकारो जिला अध्यक्ष मो उस्मान अंसारी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ झामुमो मे शामिल हो रहे हैं इस घोषणा के बाद मंच पर आरपीआई जिला अध्यक्ष श्री अंसारी अपने समर्थकों के पहुचे जिन्हें गोमिया विधानसभा के झामुमो प्रत्याशी सह गोमिया के पूर्व विधायक और वर्तमान में राज्य सरकार के दर्जा प्राप्त मंत्री योगेंद्र प्रसाद द्वारा श्री अंसारी और पार्टी मे शामिल होने वाले सभी लोगों को माला, पार्टी का पट्टा पहना तथा गुलदस्ता देकर जोरदार स्वागत किया गया। वहीं श्री अंसारी ने मिडिया से बात करते हुए कहे कि झामुमो मे शामिल होने की तैयारी काफी लंबे समय से चल रही थी बस एक शुभ मौके का इंतजार था जो आज पुरा हो गया। कहा कि पार्टी तथा हमारा प्रत्याशी हमे जो भी जवाबदेही सौंपेगी हम और हमारे लोग सौ फिसदी उस पर खरा उतरने का प्रयास करेगे। बहरहाल ऐसे भी कहा जाता है कि जीत के लिए हर छल बल धन रणनीति जायज है। शायद यह घटना भी उसी कड़ी का एक हिस्सा हो।

## राजमहल विधानसभा चुनाव के निर्दलीय प्रत्याशी सुनील यादव के पक्ष में आई हिंदू धर्म रक्षा मंच

# जनता की समस्या मेरी समस्या, मैं उनका नेता नहीं बेटा हूं : सुनील यादव

खबर मन्त्र संवाददाता



**साहिबगंज।** रविवार को राजमहल मनोरमा भवन में केंद्रीय अध्यक्ष संत घोष के नेतृत्व एवं प्रदेश महासचिव बजरंगी महतो के अध्यक्षता में एक सभा का आयोजन किया गया जिसमे हिन्दू रक्षा मंच के सैकड़ो कार्यकर्त्ता ने भाग लिया। हिन्दू राक्षा मंच के केंद्रीय अध्यक्ष संत घोष ने कहा की हम सब हमेशा भारतीय जनता पार्टी बीजेपी के लिए काम करते थे बीजेपी ने अपने परिवार से हमें अलग कर दिया इस खेत में हम अपना संपूर्ण समर्थन निर्दलीय प्रत्याशी सुनील यादव को कर रहे है। हिंदू धर्म रक्षा मंत्र केंद्रीय अध्यक्ष संत कुमार घोष ने किया कार्यकर्ता सम्मेलन इस बैठक में सभी कार्यकर्ताओं की सहमति से हमने निर्णय लिया आने वाले विधानसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी सुनील यादव के पक्ष में रजामंदी दी गई। निर्दलीय प्रत्याशी सुनील यादव को आज हिंदू धर्म रक्षा मंच की ओर से आमंत्रित किया गया है हम राजमहल विधानसभा के निर्दलीय प्रत्याशी है पिछले कई विधानसभा चुनाव से हिंदू धर्म रक्षा मंच संपूर्ण रूप से भाजपा को समर्थन किया करते थे भाजपा के व्यवहार से ग्रस्त होकर हमें निर्दलीय प्रत्याशी सुनील यादव को समर्थन देने का फैसला लिया। वही हिन्दू धर्म रक्षा मंच के प्रदेश सचिब बजरंगी महतो ने कहा की हमलोग भारतीय जनता पार्टी से त्रस्त हो गए है मजबूर होकर आज हमारी पूरी कार्यकर्त्ता एवं अधिकारी, पदाधिकारी ने फैसला किया है की इस बार विधानसभा चुनाव 2024 में पूर्ण समर्थन करूँगा। वही निर्दलीय प्रत्याशी सुनील कुमार यादव ने आभार व्यक्त करते हुए कहा की हिन्दू धर्म रक्षा मंच ने आज हमे समर्थन कर रहा है बहुत खुशी की बात है। ये लोग भी राजमहल विधानसभा क्षेत्र की जनता की तरह बी जे पी से त्रस्त हो गया था, अंत में हमे साथ दे रहा है। पूछे जाने पर उन्होंने बताया की मेरी मुख्य मुद्दा शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी और आवागमन की साधन इनमे से मुख्य है। आपको बता दू की बेरोजगारी की आलम ये है की वेरोजगार यहा से रोजी रोटी के लिए बाहर जाते है जैसे मुंबई, दिल्ली, बेंगलोर जाते है पर उनके साथ कोई आकस्मिक घटना घाट जाती है तो उसके द्वारा कमाई का सारा पैसा खर्च हो जाता है। हम चाहते है की यहां छोटे छोटे उद्योग लगाई जाए तो यहां के बेरोजगार जो बाहर जाते है ओ अपने घर के पास है रहेंगे, काम धंदा करेगें तो बेरोजगारी दूर होंगी। मै चाहता हुं की अगर यरहा मेडिकल कॉलेज खुले तो डॉक्टर की कमी नहीं होंगी। आज डॉक्टरों की कमी के कारण बहुतो की जान चली जाती है वो दूर होंगी। शिक्षा की बात करें तो आज राजमहल क्षेत्र में अच्छे कॉलेज नहीं है बच्चे पधाई के लिए साहिबगंज जाते है हम चाहते है की सरकार के द्वारा निशुल्क बस चलाया जाए ताकि बच्चे मुफ्त में सफर कर कॉलेज आना जाना कर सके, इससे इस क्षेत्र के बच्चे जो पैसे के लिए पढ़ाई बीच में है रोक देते है कमसे काम ओ आगे का पढ़ाई कर सके। इसके साथ हमारे समाज के अनेको समस्याओ का समाधान करने का काम करेगें।

## स्पीड न्यूज

### बलबल चेक पोस्ट का प्रशासन ने किया निरिक्षण

**गिद्धौर।** प्रखंड प्रशासन की टीम ने रविवार को बलबल में चेक पोस्ट का निरीक्षण किया, जिसमें अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा, प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव और थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता शामिल थे। उन्होंने चेक पोस्ट मजिस्ट्रेट सचिन दत्त शर्मा और मनोज कुमार को निर्देश दिया कि चतरा-हजारीबाग सीमा पर बलबल चेकपोस्ट पर विधानसभा चुनाव तक लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जाए। निरीक्षण के दौरान पुलिस बल के जवान भी मौजूद थे।

### 15 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**चतरा।** जिले के इटखोरी थाना क्षेत्र के परसौनी के समीप वाहन चेकिंग अभियान के दौरान थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह के नेतृत्व में इटखोरी पुलिस ने एक संट्रो कार से 15 कार्टून अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। बरामद शराब में इम्प्रोमियम ब्लू, ब्लैक डाक्स, रॉयल चैलेंज ब्रांड के 352 बोतल शराब शामिल हैं। यह शराब बिहार ले जाया जा रहा था। कार और शराब के साथ इसमें संलिप्त एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### छात्र-छात्राओं के बीच किया गया साइकिल का वितरण

**चतरा।** हंटरगंज के राजकीय मध्य विद्यालय उरैली में शनिवार को झारखंड सरकार की उन्नत का पहिया योजना के तहत एसी, ओबीसी छात्र-छात्राओं के बीच निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को साइकिलें प्रदान की गईं, जिससे वे आसानी से विद्यालय आ-जा सकें। साइकिल पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। विद्यालय के अध्यक्ष उपेंद्र यादव, सचिव मृत्युंजय पाठक, शिक्षक रंजीत कुमार, संदीप कुमार, शिक्षिका सरोज देवी सहित कई ग्रामीण और विद्यालय के छात्र-छात्राएं इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। इस पहल से छात्रों की उपस्थिति और शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ने की उम्मीद है।

### अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध चतरा उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई

**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर, हंटरगंज थाना अंतर्गत जबड़ा गांव में बिहार राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में छापामारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान 20 से अधिक अवैध महुआ चुलाई शराब की भट्टियों को नष्ट कर दिया गया और बड़ी मात्रा में अवैध महुआ चुलाई शराब एवं जावा महुआ जब्त और नष्ट किया गया। गया जिला उत्पाद बल के साथ आई ड्रोन टीम ने सुदूर एवं दुर्गम इलाकों में संचालित शराब भट्टियों को खोजकर छापामारी टीम को वहां तक पहुंचने में मदद की।

### देशी पिस्टल के साथ एक युवक गिरफ्तार

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित मोरियांमा कुरहा के एक मकान में अवैध रूप से हथियार रखने के सूचना पर छापेमारी कर एक देशी पिस्टल और दो 315 बोर का दो जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ अनील कुमार सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

### चतरा सांसद बने सलाहकार समिति के सदस्य, लोगों ने दी बधाई

**चतरा।** केंद्र सरकार ने कौशल मंत्रालय एवं उद्यामित मंत्रालय के लिए परामर्शदात्री समिति का गठन किया है। इसमें चतरा सांसद कालीचरण सिंह को कमेटी का सदस्य मनोनीत किया गया है। सांसद के इस नई जिम्मेवारी से चतरा लोकसभा वासियों में बड़ी खुशी है। इनके मनोनयन पर चतरा जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, जिला अध्यक्ष रामदेव भोगता, जिला महामंत्री मिथलेश गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुमन सौरभ समेत अन्य ने बधाई दी है।

## तीन दिवसीय पुस्तक मेला सह निर्वाचन उत्सव का आयोजन

# दीपावली व छठ महापर्व के साथ लोकतंत्र के महापर्व को भी उत्सव के रूप में मनायें : डीसी







खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा एक अनोखी पहल की गई है। जिला प्रशासन (निर्वाचन शाखा) अंतर्गत स्वीप कोषांग के तहत झुमरीतिलैया स्थित ब्लॉक मैदान में निर्वाचन थीम पर पुस्तक मेला सह निर्वाचन उत्सव का तीन दिवसीय मेला का आगाज किया गया। वहीं जिला निर्वाचन पदाकिारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने फीता काट कर पुस्तक मेला सह निर्वाचन उत्सव का उद्घाटन किया।

तत्पश्चात जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज, एसपी अनुदीप सिंह, पुलिस प्रेक्षक सुधांशु वर्मा, व्यय प्रेक्षक सुरेन्द्र कुमार मीणा, डीडीसी ऋतुराज, डीएफओ सौमित्र शुक्ला, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नीतीश कुमार निशांत व अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर पुस्तक मेला सह निर्वाचन उत्सव अंतर्गत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं अतिथियों को पुष्प गुच्छ व शॉल भेंट कर अभिनंदन किया गया। वहीं नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नीतीश कुमार निशांत ने स्वागत भाषण देते हुए बताया कि मतदाता जागरूकता को लेकर कई तरह की गतिविधियों को आयोजित किया जा रहा है, ताकि मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा सके। स्वीप कार्यक्रम के तहत खेल कूद प्रतियोगिता, मेंहदी, पेंटिंग, लेखन, वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता, साइकिल रैली समेत अन्य गतिविधियों का आयोजन कर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के प्रेरित किया जा रहा है। वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि निर्वाचन थीम पर यह तीन दिवसीय पुस्तक मेला सह निर्वाचन उत्सव का आयोजन किया गया है। इसमें विभिन्न पब्लिशर और बुक सेलर के द्वारा स्टॉल लगाए गए हैं। पुस्तक मेला सह निर्वाचन उत्सव के माध्यम से जिले के शत-प्रतिशत मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए संदेश दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस लोकतंत्र के महाउत्सव में सभी मतदाताओं की सहभागिता है और अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए 13 नवंबर को अपने अपने मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करें। इस पुस्तक मेला सह निर्वाचन उत्सव को सफल बनायें। वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि पुस्तक मेला का अधिक से अधिक लाभ उठायें और यहां पर विभिन्न स्टॉलों में विभिन्न प्रकार के पुस्तकें लगायें गये, उनका लाभ उठायें और आगामी 13 नवंबर 2024 दिन बुधवार को अपने मतदान केंद्र में जाकर मतदान करें और एक जिम्मेदार मतदाता का फर्ज निभाएं। वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जिलेवासियों से अपील की कि 13 नवंबर को कोडरमा विधानसभा के लिए 429 बूथों पर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें एवं ज्यादा से ज्यादा लोग दीपावली और छठ महापर्व के साथ लोकतंत्र के महापर्व को भी उत्सव के रूप में मनाएं। वहीं पुलिस प्रेक्षक सुधांशु वर्मा ने कहा कि पुस्तक मेला सह निर्वाचन उत्सव का आयोजन करना जिला प्रशासन की अच्छी पहल है। अभी चारों ओर चुनाव का माहौल है, इस चुनावी माहौल में 13 नवंबर 2024 को मतदान अवश्य करें।

**पुस्तक मेला सह निर्वाचन उत्सव में लगायें गये स्टॉल :** पुस्तक मेला सह निर्वाचन उत्सव में प्रेस गैलरी, हेल्प डेस्क, अर्ट एंड क्राफ्ट गैलरी, अनुज्ञा बुक्स, झारखंड झरोखा, प्रिय साहित्य भवन, यश प्रकाशन, समय प्रकाशन, उड़ान पब्लिकेशन, शर्मा बुक सेंटर, वाणी प्रकाशन, जय मां बुक सेंटर, बेकरी की मिठास बदलाव का एहसास वोट के साथ बुमेन फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड जयनगर, जेएसएलपीएस समेत अन्य स्टॉल लगायें गये हैं।

### 13 नवंबर 2024 को वोट करेगा कोडरमा का उड़ाया गया गुब्बारा

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज, एसपी अनुदीप सिंह, पुलिस प्रेक्षक सुधांशु वर्मा, व्यय प्रेक्षक सुरेन्द्र कुमार मीणा, डीडीसी त्रतुराज, डीएफओ सौमित्र शुक्ला द्वारा 13 नवंबर 2024 को वोट करेगा कोडरमा का गुब्बारा उड़ाया गया और सभी जिलेवासियों से मतदान करने की अपील किया। वहीं हस्ताक्षर बोर्ड पर हस्ताक्षर कर और सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेकर नैतिक मतदान करने का संदेश दिया।

मौके पर डीटीओ विजय कुमार सोनी, डीएसओ अविनाश पुरेंदु, डीईओ अविनाश राम, जिला सहकारिता पदाधिकारी रूमा झा, जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### इचातु गांव में दो वर्षों से बिजली संकट, विभाग मौन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा पंचायत के इचातु गाँव के लोग पिछले दो सालों से नए ट्रांसफरमार लगाने की माँग कर रहे हैं, लेकिन विभाग की ओर से अभी तक कोई पहल नहीं की गई है। ग्रामीणों ने मंत्री और जनप्रतिनिधियों को भी इस बारे में जानकारी दी, लेकिन किसी ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया। हालाँकि, मुखिया मनोज साहू ने चतरा उपायुक्त को आवेदन दिया था, लेकिन फिर भी ग्रामीणों की समस्या जस की तस है।गाँव के लगभग 15 घर के लोग आज भी अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने पुनः मांग की है कि विभाग जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर बदलने की कार्रवाई करे, ताकि गाँव में बिजली की समस्या दूर हो सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे आगामी विधानसभा चुनाव में वोट बहिष्कार का फैसला ले सकते हैं।

### महागठबंधन कार्यकर्ताओं ने विभिन्न गांवों में चलाया जनसंपर्क अभियान



खबर मन्त्र संवादाता

**गिद्धौर।** प्रखंड अंतर्गत पहरा पंचायत के मारंगी, रोहमर व बारिसाखी पंचायत के डडूवा में ग्रामीणों की साथ बैठक कर जेएमएम पार्टी के सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी श्री मनोज कुमार चंद्रा के पक्ष में मतदान करने की अपील किया। वही बैठक में ग्रामीणों को सरकार के द्वारा चलाए गए मईंयां सम्मान योजना, बिजली बिल मांफी, कृषि ऋण माफी समेत अन्य कई योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दे जेएमएम पार्टी के प्रत्याशी मनोज चंद्रा के पक्ष में मतदान करने की अपील किया। जनसंपर्क अभियान में जेएमएम के गिद्धौर प्रखंड प्रभारी बैद्यनाथ कुमार दांगी, प्रभारी यदुनंदन पांडेय, प्रभारी बहादुर दांगी, बिनोद कुमार ठाकुर, कामदेव दांगी, राजद नेता कमलेश रजक, रोहन यादव, विकास रजक, नागेश्वर यादव, बिनोद यादव व सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

### प्रखंड स्तरीय ब्राह्मण समाज की बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवादाता

**गिद्धौर।** प्रखंड के मझगांवा पंचायत के पिंडारकौण गांव में संचालित उत्क्रमित उच्च विद्यालय के प्रांगण में कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज की बैठक रविवार को संपन्न हुआ।

बैठक की अध्यक्षता रंजीत कुमार पांडेय ने किया। संचालन लम्बोदर पांडेय ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत परशुराम भगवान के चित्रांकन पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रचलित कर स्वस्तिवाचन कर किया गया। तथा समिति से निर्णय लिया गया कि क्षेत्र के अंतर्गत जितने भी विप्र बंधु छूटे हुए हैं। उन्हें जोड़ना है। तथा साथ लेकर चलना है।

एकता बनाए रखना है। क्षेत्र में समाज का विकास पर विशेष ध्यान देना है। मौके पर उपस्थित अजय पांडेय विकास पांडेय अशोक पांडेय रविंद्र पांडेय जसवंत पांडेय प्रमोद पांडेय मुकेश पांडेय परमानंद पांडेय निमधारीय पांडेय कृष्णा पांडेय बैजनाथ पांडेय एवं दर्जनों ब्राह्मण उपस्थित थे।

# शालिनी गुप्ता का चला जनसम्पर्क अभियान

### क्षेत्र के विकास व अधिकार दिलाने का किया वादा



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** रविवार को निर्दलीय प्रत्याशी और पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में जनसम्पर्क अभियान चलाया। मरकच्चो और डोमचांच प्रखंड के दुधपनिया, बच्छेडीह, भीमेडीह, कुशमई, ताराटांड़, पसियाडीह, पूरनानगर, जमडिहा, धोबियाडीह सहित कई गांवों का दौरा करते हुए उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं शालिनी गुप्ता ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि क्षेत्र के हर व्यक्ति के सुख-दुख में साथ देना है। जनसम्पर्क के दौरान शालिनी गुप्ता ने कहा कि उनके एजेंडे में कोडरमा के हर वर्ग के लोगों को उनके अधिकार दिलाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सामाजिक और आर्थिक विकास को गति देने का वादा करते हुए कोडरमा के ढिबरा और पत्थर उद्योग को पुनर्जीवित करने की बात कही। वहीं उन्होंने कहा कि यह उद्योग कोडरमा की पहचान रहा है और इसे पुनः खड़ा करना मेरी प्राथमिकता है।

# तेज हुई चाक की रफ्तार, दीया बनाने में दिनरात जुटे हैं कारीगर

खबर मन्त्र संवाददाता



**ज्वेलरी से लेकर शो रूम तक में तैयारी :** 29 अक्टूबर को धनतेरस होगा, जबकि 31 अक्टूबर को दीपावली मनाई जाएगी। इसको लेकर ज्वेलर्स शोरूम पर तैयारी शुरू कर दी गई है। वहीं धनतेरस पर इलेक्ट्रिक बाइक, बाइक, कार, ट्रैक्टर, मोबाइल, बर्तन आदि की दुकानों पर भी खरीदारी की उम्मीद है।

**कोडरमा।** नवरात्र की समाप्ति के साथ ही व्यवसायी धनतेरस व दीपावली की तैयारी करना शुरू कर दिए हैं। दरअसल व्यवसायी धनतेरस, दीपावली, कालीपूजा, लक्ष्मी पूजा, चित्रगुप्त पूजा, छठ महाराजा जरासंध जयंती, गोपाष्टमी मेले का लेकर तैयारी शुरू हो गई है। वहीं दीया बनाने वाले कुम्हार की चाक भी तेज रफ्तार पकड़ ली है। दीये के साथ मिट्टी के खिलौने बनाने में लग गए हैं। विभिन्न समितियों द्वारा पूजा पंडाल एवं लाइटिंग की बुकिंग भी शुरू हो गई है। बताते चलें कि आने वाले धनतेरस और दीपावली से बड़ी उम्मीद है। बाजार में जिस तरह का माहौल है, उसको देखते हुए गाड़ी, घर, टीवी, फ्रीज, आभूषण, बर्तन, इलेट्रॉनिक उपकरण, सोफा, आलमारी, कपड़ा और दूसरे जरूरी सामानों की अच्छी बिक्री होने की उम्मीद है। वहीं ग्राहकों को आकर्षित करने एवं बिक्री बढ़ाने के लिए दुकानदार भी आकर्षक ऑफर्स दे रहे हैं।

इसके अलावा मॉल, शो-रूम के संचालक आदि भी खास तैयारी में जुटे हुए हैं। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए दुकानदार भी वस्तुओं पर छूट का ऑफर देने का विज्ञापन के साथ साथ ध्वनि प्रचार अभियान लगाने लगे हैं। व्यवसायी को उम्मीद है कि धनतेरस, दीपावली, छठ में बंपर बिक्री होगी। वहीं मिट्टी के बर्तनों के कारोबार से जुड़े कुम्हारों का कहना है कि हम चार पीढ़ियों से पुस्तैनी काम कर रहे थे, मगर अब कोई फायदा नहीं पड़ता है। दीपावली व गर्मी के सीजन में मिट्टी से निर्मित बर्तनों की मांग जरूर बढ़ जाती है, लेकिन बाद के दिनों में वे मजदूरी करके ही परिवार का पेट पालते हैं। दीपावली के अवसर पर पांच से दस हजार की कमाई हो जाती है। बाकी दिनों में परिवार चलाने के लिए मजदूरी का सहारा लेना पड़ता है।

## इंटर डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल टूर्नामेंट में कोडरमा ने देवघर को हराया

**कोडरमा।** गिरिडीह में चल रहे इंटर डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल टूर्नामेंट में रविवार को कोडरमा जिला फुटबॉल टीम बनाम देवघर के बीच मैच खेला गया। वहीं 45-45 मिनट के इस शानदार मैच में कोडरमा ने देवघर को ट्राई ब्रेकर में 3-2 से पराजित कर टूर्नामेंट के अगले चक्र में प्रवेश किया। भारी बारिश के बीच दोनों टीम के खिलाड़ियों का सराहनीय खेल रहा। मैच के पहले हाफ में देवघर के खिलाड़ी ने एक गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई, मगर उनके इस बढ़त को मायूसी तब हाथ लगी जब कोडरमा के पंकज कुमार उर्फ फोर जी ने एक शानदार गोल कर अपनी टीम को बराबरी पर ला दिया।

## कई गांवों में जागरूकता अभियान

**चतरा।** नशे की खेती के खिलाफ पुलिस और प्रशासन ने संयुक्त रूप से रविवार को मेराल पंचायत के कई गांवों में जागरूकता अभियान चलाया। पत्थलगडा बीडीओ कलिंद्र साहू, सीओ उदल राम और थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी ने चतरा के सुदूरवर्ती मेराल, खैरा सहित अन्य गांव में पहुंचकर ग्रामीणों के साथ बैठक की और नशे की खेती से दूर रहने की अपील की। थाना प्रभारी ने कहा कि अफीम और गांजा की खेती कानूनन जुर्म है। इसमें सजा का प्रावधान है। उन्होंने उपस्थित लोगों को नशे की खेती से होने वाले दुष्परिणाम से बारे में जानकारी दी और कहा कि भोले भाले ग्रामीणों को कुछ दलाल व तस्कर पैसे देकर गुमराह करते हैं। पकड़े जाने पर संबंधित लोगों की जिंदगी बर्बाद हो जाती है। उन्होंने उपस्थित लोगों को अवैध अफीम व पोस्ता की खेती नहीं करने को लेकर शपथ दिलाई।

### आवास योजना में नाम होने के बाद भी पैसा मांगने का आरोप



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** जिले के प्रतापपुर प्रखंड के बभने पंचायत में अबुआ आवास में रिमांड सूची में नाम डाले जाने पर बभने पंचायत के तेली टोला गांव निवासी लाभुक कमला देवी ने बीडीओ को लिखित आवेदन देते हुए मुखिया एवं पंचायत सचिव पर आवास के नाम पर पैसा मांगने का आरोप लगाते हुए कहा की मेरा नाम अबुआ आवास योजना की सूची में क्रमांक संख्या 56 पर अंकित था। जिसके बाद मुखिया संगीता देवी एवं पंचायत सचिव अक्षय बट चौबे के द्वारा मेरा घर का निरीक्षण करने के बाद चयनित सूची में नाम जोड़ दिया गया था। जिसके बाद मुझसे मुखिया के द्वारा बीस हजार रुपए पैसा का मांग किए।लेकिन जब मैं पैसा नही दिया तो मेरा नाम रिमांड सूची में डाल दिया गया है। साथ ही उन्होंने बताया की मेरा घर कच्चा एवं खपरैल है। जिसमे रहने में काफी परेशानी होती है। उन्होंने बीडीओ एवं उपायुक्त से जांच करते हुए आवास का किस्त भुगतान करने की मांग किया है।

**क्या कहते है मुखिया :** इस संबंध में मुखिया संगीता देवी ने बताई की लाभुक कमला देवी के पति रमेश साव के नाम से पूर्व में वित्तीय वर्ष 2021-22 में प्रधानमंत्री आवास का लाभ मिल चुका है जिसके कारण उन्हें अबुआ आवास का लाभ नहीं दिया गया है।एवं उनका नाम रिमांड सूची में डाला गया है।लाभुक के द्वारा जो हुई आरोप लगाया जा रहा है वो बिलकुल निराधार है।

## सिमरिया विस चुनावः क्या झामुमो प्रत्याशी मनोज चंद्रा भाजपा के गढ़ में सेंध लगा पाएंगे?

पंकज सिंह




**चतरा।** सिमरिया विधानसभा चुनाव के लिए 13 नवंबर को मतदान होना है, जिसमें भाजपा, झामुमो, बीएसपी, सीपीआई, जेएलकेएम सहित अन्य दलों और निर्दलीय प्रत्याशियों समेत कुल 11 उम्मीदवार मैदान में हैं। इस चुनाव में भाजपा और झामुमो के बीच कड़ी टक्कर होने की उम्मीद है। झामुमो प्रत्याशी मनोज चंद्रा पिछले तीन विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं लेकिन अभी तक जीत हासिल नहीं कर पाए हैं। वहीं, भाजपा प्रत्याशी उज्जवल दास 2007 के विधानसभा चुनाव में हार का सामना कर चुके हैं। भाजपा इस सीट को अपने पास बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। सिमरिया विधानसभा 2019 के चुनाव में कुल मतदाताओं की संख्या 329361 थी। इनमें से 203104 यानी 61.67 प्रतिशत ने मतदान किया था। वर्ष 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में सिमरिया विधानसभा सीट से कुल 19 उम्मीदवार मैदान में उतरे थे। भाजपा के किशुन कुमार दास ने जीत दर्ज की थी। किशुन कुमार दास को 61438 (30.25 प्रतिशत) वोट मिले जबकि आजसू के मनोज कुमार चंद्र को 50442 (24.84 प्रतिशत) वोट मिले। वह दूसरे नंबर पर रहे।

**भाजपा का गढ़ रहा है सिमरिया :** भाजपा के उम्मीदवार उज्ज्वल दास के पिता उपेन्द्रनाथ नाथ दास सिमरिया सीट से चार बार विधायक रह चुके हैं। पहली बार 1977, दूसरी बार 1990, तीसरी बार 1995 चौथीबार 2005 में विधायक बने। वहीं झामुमो के उम्मीदवार मनोज चंद्रा के पिता एक बार 2007 के उपचुनाव में विधायक बने जब विधायक उपेन्द्रनाथ दास का आकस्मिक निधन हो गया। वहीं 2009 के चुनाव में झारखंड विकास मोर्चा के जय प्रकाश सिंह यहां से विधायक बन गए। 2014 के चुनाव में भी इस सीट से झारखंड विकास मोर्चा के गणेश गंजू ने जीत हासिल की थी। यानी 2009 और 2014 के विधानसभा चुनाव में इस सीट पर बाबूलाल मरांडी की पार्टी ने जीत हासिल की है। वहीं 2019 के चुनाव में बीजेपी कैंडिडेट किशुन कुमार दास ने जीत हासिल की थी। इस बार बाबूलाल मरांडी बीजेपी के ही प्रदेश अध्यक्ष हैं इसलिए भगवा पार्टी की ताकत सिमरिया सीट पर बढ़ गई है। चुनाव परिणाम पर नजर दौड़ाये तो भाजपा की स्थिति सिमरिया मजबूत है।

स्पीड न्यूज

## साइकिल चालक मजदूर घायल, बाइक चालक फरार

**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र के बरही मसमानो पथ मे एक बाइक चालक ने साइकिल चालक को टक्कर मार दी। जिसमें साइकिल चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना बरही मसमानो पथ मे संतोष साहू के दुध डेयरी के समीप की है। गंभीर रूप से घायल साइकिल चालक सरधन लोहरा पिता स्व धंन्यु लोहरा भंडरा प्रखंड के मसमानो का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार सरधन लोहरा बीती देर शाम बरही से काम कर अपनी साइकिल से घर जा रहा था। तभी पीछे से आ रही हीरो सुपर स्पेलेंडर खल्र 08 ख9368 ने सरधन की साइकिल में टक्कर मार दी। जिसमें सरधन गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। घटना के बाद बाइक चालक द्वारा बड़ी चालाकी से एम्बुलेंस बुलाकर घायल सरधन को भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आधे रास्ते पहुंचकर बाइक चालक फरार हो गया।

## मतदाताओं के बीच चल रहा है मतदाता पर्ची का वितरण

**गुमला।** गुमला जिला में मतदान के शत प्रतिशत लक्ष्य को हासिल करने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली। जिसके तहत लगातार स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वहीं मतदाताओं को किसी तरह की मतदान के दौरान परेशानी न हो इसके लिए घर-घर जाकर बीएलओ के द्वारा मतदाताओं को मतदाता पर्ची दिया जा रहा है। जिसमें मतदाताओं के मतदान केंद्र सहित बूथ संख्या तक की जानकारी दी गई है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भी बीएलओ के द्वारा मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है। लेकिन वितरण के दौरान कुछ त्रुटियां भी पायी जा रही है। जिन घरों में चार मतदाता हैं उनके घर तक मात्र दो या तीन ही पर्ची पहुंच रही है। हालांकि बीएलओ प्रशासन से मिले पर्ची को पहुंचाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही हैं। परंतु जिन्हें पर्ची नहीं मिल रही है उनके यहां तक पर्ची पहुंचनी चाहिए।

## विशुनपुर विधान सभा के लिए भाजपा ने गठित किया चुनाव संचालन समिति

**घाघरा।** भारतीय जनता पार्टी घाघरा मंडल के द्वारा चुनाव संचालन समिति का गठन किया गया। प्रेस रिलीज जारी करते हुए बिशुनपुर विधानसभा के प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के प्रबुद्ध और कर्मठ कार्यकताओं के सहयोग से भाजपा को विधानसभा चुनाव में विजयी दिलाने के लिए दायित्व सौंपा गया है। जिसमें संयोजक श्याम किशोर पाठक, सह-संयोजक जोगेंद्र, चैत टोप्पो, लीलावती देवी, राणा प्रद्युमन सिंह, रमेश प्रसाद गुप्ता, श्याम बिहारी शुक्ला, नंदलाल साहू, धनकुवंर साहू, मनोज सिंह, राम साहू, अजय जायसवाल, सुलेश्वर साहू, भवानी प्रसाद राय, अमित नाग, रूपेश्वर सिंह, गोपाल प्रसाद, ज्योतिम प्रसाद, शिव प्रसाद सिंह, संतोष गुप्ता, मुकेश महापात्र, प्रवीण साहू, संजीत साहू, दिनेश साहू, शंकर साहू, सुशील प्रसाद गुप्ता, कुलदीप दुबे, आशीष गुप्ता, करणपाल देवघरिया, दीपक गुप्ता, मणिलाल गुप्ता, आजाद साहू, हृदय सोनी व शिशिर शर्मा के नाम शामिल हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

### जनता के मन को पढ़ पाना उम्मीदवारों के लिए लगा रहा है टेडी खीर

# बागियों के चुनाव मैदान में कूदने से जीत का स्वप्न देखने वाले उम्मीदवारों की नींद उड़ी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** विधान सभा चुनाव में विभिन्न राजनीतिक दलों के बागी प्रत्याशियों के चुनावी दंगल में कूदने और नामांकन करने से चुनाव जीतने का स्वपन देख रहे कई प्रत्याशियों की नींद हराम हो गई है। बागियों के चुनावी मैदान में उतरने व नामांकन के दौरान किये गये शक्ति प्रदर्शन से विशेषकर राज्य की राजनीतिक के मुख्य केंद्र बिंदु कहे जाने वाले भाजपा व जेएमएम के प्रत्याशियों की नींद उड़ गई है। दोनों ही दलों के नेताओं की बागियों के कारण पसीने छूट रहे हैं। क्योंकि बागी हुए नेता सभी चुनावी समीकरण को ध्वस्त करने का मादा रखते हैं और अपने-अपने क्षेत्र में जनता के बीच मजबूत पकड़ भी रखते हैं। हालांकि बागियों को मनाने की कवायद भी आरंभ हो गयी है। भाजपा के बागी नेता मिसिर कुजूर को मनाने असम के मुख्यमंत्री हेमंता विश्वा शरमा व भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश व केंद्रीय मंत्री जुएल उरांव तक गुमला पहुंच गये थे। असम के मुख्यमंत्री तो रात के अंधेरे में आकर मिसिर कुजूर से मुलाकात की और रात को ही वापस लौट गये।

भाजपा में तो मान मनवल आरंभ हो गया है। लेकिन महागठबंधन में तो मनाने की कोई कवायद भी आरंभ होते नहीं नजर आ रही है। क्योंकि पूर्व में लोकसभा चुनाव में महागठबंधन के एक नेता ने चुनाव लड़ा था। जिसे बाद में दोस्ताना करार दिया गया। उसी तरह विधान सभा चुनाव में भी महागठबंधन के बागी शायद दोस्ताना फाईट करते नजर आएंगे। हालांकि सिसई से महागठबंधन के एक नेता कांग्रेस के प्रदेश सचिव रोशन बरवा को नामांकन के दौरान ही बड़े नेताओं का फोन आया था। लेकिन दुर्भाग्य से नामांकन के दौरान रोशन बरवा का मोबाईल दूसरे के पास था।

जिसके कारण वे फोन रिसिव नहीं कर पाये। नामांकन करने के बाद उन्हें फोन आने की जानकारी मिली थी। इधर विशुनपुर विधान सभा से महागठबंधन की नींव शिव कुमार भगत ने हिला कर रख दी। शिव कुमार भगत प्रदेश कांग्रेस के महासचिव पद पर थे। गुमला के तीनों विधान सभा सीट महागठबंधन के तहत झामुमो को दिये जाने से कांग्रेसी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्णय से खफा होकर व क्षेत्र की आम जनता की मांग पर शिव कुमार भगत चुनाव मैदान में कूद गये। लोकसभा चुनाव के बाद जिले के कांग्रेसियों ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से जिले के तीनों विधान सभा सीटों में से एक में कांग्रेस उम्मीदवार देने की मांग की थी। जिसके लिए पार्टी के कई नेताओं ने जोरदार तरीके से अपनी बातें शीर्ष नेतृत्व के समीप रखी थी लेकिन बात नहीं बन पायी। बहरहाल बात बागियों के चुनाव मैदान में कूदने की हो रही है तो इसमें भाजपा के लोग भी पीछे नहीं हैं। विशुनपुर से भाजपा नेता राम प्रसाद बड़ाईक ने भी बगावती तेवर अपनाते हुए चुनावी मैदान में कूद गये हैं। इसी तरह गुमला विधान सभा सीट से कांग्रेस नेत्री रही निशा भगत भी पार्टी झारखंड लोकतांत्रित क्रांतिकारी पार्टी का दामन थाम कर चुनाव मैदान में कूदी है। बागियों की फेरिस्त लंबी है लेकिन विधान सभा चुनाव में बागी नेताओं ने रंग जमा दिया है।

बागियों के कारण ही जिले के तीनों विधान सभा सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय बनता नजर आ रहा है। अब देखना है कि जनता बागियों को अपना रहनुमा चुनती है कि पार्टी के द्वारा घोषित उम्मीदवार को पसंद करती है।

हालांकि जनता के मन को पढ़ पाना उम्मीदवारों के लिए हमेशा से टेड़ा खीर रहा है। वहीं बागी उम्मीदवारों के चुनाव मैदान में कूदने से लोकतंत्र के महापर्व का रोमांच बढ़ गया है।

एक नजर में

## जनता को दिग्भ्रमित कर रहा है कांग्रेस: परमेश्वर भगत

खबर मन्त्र संवाददाता



परमेश्वर भगत

**कैरो, लोहरदगा।** कैरो प्रखंड आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर भगत ने कार्यकताओं को आजसू पार्टी छोड़कर कांग्रेस पार्टी मे शामिल होने वाले के खबर की खंडन करते हुए इसे कांग्रेस पार्टी की चाल बताया है। आजसू कैरो प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर भगत ने कहा कि सढ़ाबे पंचायत के अमित उराँव आजसू पार्टी के पंचायत अध्यक्ष हैं ही नहीं। सढाबे पंचायत के आजसू पंचायत अध्यक्ष बहादुर उराँव और पंचायत प्रभारी परमानंद साहू है जो पूरी निष्ठा के साथ आजसू पार्टी का कार्य कर रहे हैं। उन्होने कहा कि कैरो के पुर्व मुखिया वीरेन्द्र उराँव आजसू पार्टी के कभी कार्यकर्ता थे ही नही वीरेन्द्र उराँव सुरु से ही कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता हैं। वही जेएमएम के पुर्व प्रखंड अध्यक्ष ने कांग्रेस का दामन थामा है। कांग्रेस पार्टी अपने ही एवं गठबन्धन के कार्यकताओं को कांग्रेस का पट्टा पहनाकर, कांग्रेस का सद्स्य बनाकर जनता को दिग्भ्रमित करने का कार्य कर रही है। आजसू पार्टी का नित्य बढ़ता जनाधार देख कांग्रेस घबरा गई है। अबकी बार 2024 मे कांग्रेस का सफाया निश्चिंत है। एनडीए गठबंधन के लोहरदगा विधानसभा के प्रत्याशी पुर्व विधायक स्व कमल किशोर भगत की पत्नी निरु शांति भगत की जीत निश्चित है।

## कांग्रेस इरफान जैसे नेताओं को संरक्षण प्रदान करती है : ओम प्रकाश

खबर मन्त्र संवाददाता


ओम प्रकाश सिंह

**लोहरदगा।** भारत की जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य तथा वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने झारखंड सरकार के मंत्री डॉ इरफान अंसारी के उस बयान की घोर भर्त्सना की है, जिसमें उन्होंने भाजपा नेत्री सीता सोरेन के विरुद्ध अमर्यादित तथा घोर आपत्तिजनक टिप्पणी की है।भाजपा नेता ने कहा है की डॉक्टर इरफान अंसारी एक गैर जिम्मेदार,नौटंकी बाज तथा अनर्गल प्रलाप करने वाले नेता रहे हैं। वह कांग्रेस के विधायक हैं और कांग्रेस महिलाओं के सम्मान तथा उनके विकास के लिए कभी भी कुछ नहीं किया। झारखंड की महिलाएं इस तरह के अपमानित करने वाले बयान का जवाब मतदान के माध्यम से अपनी शक्ति दिखाएंगी और कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राजद गठबंधन को करारी शिकस्त देने का कार्य करेगी।

## डुमरी पुलिस ने गांजा विक्रेता को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

### गांजे विक्रेता के पास से बिक्री किये 90 हजार 630 रूपये पुलिस ने किया जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता


गिरफ्तार अभियुक्त व बरामद गांजे के साथ एसडीपीओ, थाना प्रभारी व अन्य

**डुमरी।** डुमरी पुलिस ने गुप्त सूचना पर गांजा की खरीद बिक्री करने वाले जैरागी गांव निवासी सतीश कुमार प्रसाद को साढ़े तीन किलो गांजे के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। साथ ही गिरफ्तार व्यक्ति के घर से एक काले रंग के बैग से 90 हजार 630 रूपया बरामद किया है जो गांजा खरीद बिक्री कर रखा गया था। इस संबंध में रविवार डुमरी थाना में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए चैनपुर एसडीपीओ ललित मीणा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली की जैरागी गांव निवासी सतीश कुमार गांजा की खरीद ब्रिकी करता है। सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करने के लिए उच्च पदाधिकारी को सूचित करते हुए मेरे नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम अभियुक्त के घर जैरागी पहुंची तो वहां एक व्यक्ति को घर में उपस्थित पाया गया उस व्यक्ति से उसका नाम, पता पूछने पर उसने अपना नाम सतीश कुमार प्रसाद (49) पिता स्वर्गीय दामोदर साहू बताया गया। अभियुक्त से मादक पदार्थ गांजा की खरीद बिक्री करने से संबंधित पूछताछ किया गया।

पूछताछ के क्रम में गतिविधि संदिग्ध होने के पश्चात अभियुक्त को धारा 50 एनडीपीएस एक्ट के तहत घर का तलाशी लेने हुए नोटिस दिया गया तथा घर का तलाशी लिया गया तलाशी के क्रम में अभियुक्त के घर के कमरे से एक सफेद प्लास्टिक भूरा रंग के सिल्वर टेप से लपेटा हुआ एवं सफेद प्लास्टिक में बंधा हुआ चार पैकेट गांजा जैसा मादक पदार्थ बरामद हुआ जिसका कुल वजन 3.58 किलोग्राम है एक काला रंग का बैग से कुल 90,630 रुपया बरामद किया गया जो कि मादक पदार्थ गांजा बेचकर जमा किया गया था बरामद सामान के संबंध में वैध कागजात की मांग किया गया तो उसने कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया और ना ही कोई संतोषजनक जवाब दिया तत्पश्चात बरामद सामानों को दो गवाहों के समक्ष विधिवत जब्ती सूची बनाकर जप्त किया गया एवं अभियुक्त को ग्राम जैरागी थाना डुमरी से विधिवत गिरफ्तार किया गया उसके बाद आज उसको न्यायिक हिरासत में गुमला जेल भेज दिया गया छापामारी दल में एसडीपीओ ललित मीणा,थाना प्रभारी अनुज कुमार, हवलदार वासुदेव चौधरी, सुनील राम, सलान आइंद, देव कुमार सिंह से सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## किस्को में मिला विशाल अजगर सांप


अजगर सांप

खबर मन्त्र संवादाता

**किस्को लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड के अति दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र के चूल्हा पानी जाने वाली खम्हार कटात गाँव के बीच सड़क में जंगली अजगर सांप मिलने से गांव के ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। गाँव में अजगर सांप होने की सूचना मिलने से सांप देखने के लिए स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। यह अजगर सांप 7 फिट लंबा था। सड़क में विशाल अजगर सांप होने की सूचना ग्रामीणों के द्वारा वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष राजेंद्र यादव को दिया गया। जिसके बाद यथाशीघ्र राजेंद्र यादव के द्वारा सांप को रेस्क्यू कर घने जंगल में सुरक्षित तरीके से छोड़ दिया गया। जानकारी के अनुसार विशाल अजगर का सांप किसी को नुकसान नहीं पहुंचा है। मौके पर वन सुरक्षा समिति सोमरा लकड़ा, अरुण उरांव, सुखराम उरांव सहित कई अन्य लोगों ने सांप को रेस्क्यू करने में निभाई अपना अहम भूमिका निभाई।

## नशामुक्ति अभियान को लेकर महिलाओं ने विशुनपुर थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** झारखंड प्रदेश प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन के गुमला जिलाध्यक्ष देवकी देवी के नेतृत्व में रविवार को महिलाओं ने विशुनपुर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर प्रखंड को नशामुक्ति बनाने की मांग की। एसोसिएशन की अध्यक्ष देवकी देवी ने कहा कि प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन जिले के विभिन्न प्रखंडों में लंबे समय से नशा मुक्ति अभियान चला रही है। क्योंकि नशा के कारण परिवार व समाज में बिखराव उत्पन्न हो रहा है। नशापान के कारण युवा समाज के मुख्य धारा से भटक जा रहे हैं। नशापान वास्तव में सभी बुराईयों की जड़ है। इस अवसर पर काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

# लोहरदगा में आजसू और कांग्रेस में है सीधा मुकाबला

खबर मन्त्र संवाददाता



नीरू शांति भगत व डॉ रामेश्वर उरांव

**लोहरदगा।** विधानसभा चुनाव को लेकर जिले में राजनीति तेज हो गई है। सभी राजनैतिक पार्टी चुनाव को लेकर अपने अपने दावे कर रही है लेकिन इस बार जनता चुपी साधे हुए है जिसके कारण कौन कितना मजबूत है ये कहा पाना मुश्किल लग रहा है। वैसे तो लोहरदगा विधानसभा में चुनाव पहले चरण में 13 नवंबर को होगा जिसे लेकर कुल 18 लोगो ने नामांकन किया है लेकिन चुनावी मैदान में कितने उम्मीदवार होंगे वो 28 को पर्चा की जांच और 30 को नामांकन वापसी के बाद ही साफ हो पाएगा। वैसे लोहरदगा विधानसभा सीट से इस बार कांग्रेस और आजसू पार्टी के बीच मुख्य मुकाबला माना जा रहा है लेकिन कुछ निर्दलीय उम्मीदवार भी खेल को पलटने का माद्दा रखते है। इंडी गठबंधन की ओर से कांग्रेस के सिटिंग विधायक डॉ रामेश्वर उरांव और एनडीए की ओर से आजसू उम्मीदवार नीरू शांति भगत आमने सामने हैं। राजनीतिक विश्लेषक का मानना है की लोहरदगा विधानसभा सीट से इस बार आजसू और कांग्रेस में टक्कर होने वाला है। एक तरफ डॉ रामेश्वर उरांव को भीतरघात का डर है तो दूसरी ओर पूर्व विधायक स्व कमल किशोर भगत की पत्नी नीरू शांति भगत कांग्रेस के किला को भेदने का प्रयास में लगी हुई है।

वही अब जुबानी जंग भी दोनों उम्मीदवारों में देखा जा रहा है। आजसू उम्मीदवार नीरू शांति भगत ने इंडी गठबंधन पर लोहरदगा में विकास नहीं करने का आरोप लगाया है और पूर्व विधायक स्व कमल किशोर भगत के सपनों को आगे बढ़ाते हुए लोहरदगा में विकास के मुद्दों पर चुनाव मैदान में है तो वही लोहरदगा से कांग्रेस उम्मीदवार डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा एनडीए वाले सिर्फ पार्टी में एकजुटता ला रहे है। वोट को अपनी ओर करने में नाकाम है। इस बार कांग्रेस जेएमएम और राजद के सीटों में बढ़ोतरी होगी और हम फिर से सरकार में आयेंगे लोहरदगा की जनता सरकार की विकास की योजनाओं पर वोट देगी।अब तो चुनाव के बाद मतगणना के दिन ही पता चलेगा की जनता ने किसको आशीर्वाद दिया है।

## दो बच्चे को कुआं में फेंक कर जान लेने वाली मां को पुलिस ने भेजा जेल

खबर मन्त्र संवाददाता


गिरफ्तार महिला

**घाघरा।** घाघरा पुलिस ने कलयुगी मां सुलेखा कुमारी को न्यायिक हिरासत में गुमला भेज दिया है। यहां बता दे की सुलेखा ने कोटामाटी गांव में अपने ही दो बच्चे को कुंआ में डालकर जान ले ली थी। जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद आज न्यायिक हिरासत में गुमला भेज दिया है। इस संबंध में थानेदार तरुण कुमार ने बताया कि सुलेखा ने अपना अपराध स्वीकार कि है। वह आंशिक मानसिक विक्षिप्त जैसा व्यवहार कर रही थी। उसका मानना था कि उसका पति किसी और लड़की को लेकर दूसरे राज्य कमाने के लिए चला गया है। अब वह हमें छोड़ देगा। पर उसके पति संजय व उसकी सास से पूछने पर पता चला कि इस तरह का कोई मामला नहीं है। वह अकेले काम करने के लिए बाहर गया था। संजय ने यह भी बताया कि सुलेखा हमेशा अपने मायके आ जाती थी। कई बार हमने कहा कि हमारे घर में रहो पर वह नहीं मानती थी। दिन भर मोबाइल पर किसी किसी से बात करते रहती थी। यही सब बातों को लेकर कभी कहा सुनी होता था। साथ ही थानेदार ने यह भी कहा कि वह घटना के दिन अपने दोनों बच्चे को लेकर टंगरा टोली जा रही थी इसी दौरान कोटामाटी पहुंचने पर उसके दिमाग में यह चलने लगा कि मेरा पति मुझे बिना बताए किसी और लड़की को लेकर प्रदेश चला गया है और मेरा दिमाग काम करने नहीं लगा जिसके बाद दोनों बच्चों को कुंआ में डाल दी।

**पुगु में कार्तिक पूर्णिमा जतरा महोत्सव 8 नवंबर को :** गुमला। गुमला के पुगु बड़का टोली खेल मैदान में रविवार को कार्तिक पूर्णिमा जतरा महोत्सव को लेकर पूर्व मुखिया बुद्धू टप्पू की अध्यक्षता में मेला आयोजन समिति सदस्यों की बैठक हुई।

## जिले के नागरिकों ने शहर में निकाला मतदाता जागरूकता रैली


जागरूकता रैली में शामिल लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** जिले के नागरिकों ने रविवार को तेलंगा खड़िया स्टेडियम से शहर के विभिन्न मार्गो में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली। रैली स्टेडियम परिसर से आरंभ होकर शहर के जशपुर रोड, महावीर चौक, टावर चौक, ज्योति संघ मार्ग व डीएसपी रोड होते हुउ वापस स्टेडियम पहुंचकर समाप्त हुई। जागरूकता रैली में शामिल लोगों हाथें में पोस्टर लिखा हुए लिये थे।

जिसके माध्यम से आम नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें उनकी एक वोट की कीमत की जानकारी दी गई। रैली में शामिल लोगों ने कहा कि संविधान के द्वारा प्रदत्त वोट देने के अधिकार का हर व्यक्ति को उपयोग करना चाहिए।

ताकि एक सशक्त व मजबूत लोकतंत्र की कल्पना साकार हो सके। वोट देकर लोग देश की उन्नति व प्रगति में अपना योगदान दें। लोगों के मताधिकार के प्रयोग से ही क्षेत्र का विकास भी होगा। रैली में पवन कुमार अग्रवाल, विनय कुमार गुप्ता, कौशल साहु, संजय वर्मा, संतोष झा सहित कई लोग शामिल हुए।

# आजसू पार्टी एवं अन्य संगठनों के 100 से अधिक लोगों ने थामा कांग्रेस का हाथ

खबर मन्त्र संवाददाता


कांग्रेस में शामिल लोगो का स्वागत करते डॉ रामेश्वर उरांव

**लोहरदगा।** कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन लोहरदगा में आजसू पार्टी एवं लोहरदगा विक्की परवेज अंसारी इमरान अंसारी के साथ लगभग 100 से अधिक लोगों ने लोहरदगा विधानसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव एवं पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर सदस्यता ग्रहण करने वालों मे अनिम उप विक्की नेतृत्व में सैकड़ो आजसू पार्टी के अगुवाई में 100 से अधिक की संख्या में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। इस मौके पर रामेश्वर उरांव ने कहा कि आज जितने भी पार्टी एवं अन्य संगठनों से कांग्रेस परिवार में शामिल हुए पदाधिकारी एवं सदस्य का कांग्रेस पार्टी में स्वागत है कांग्रेस पार्टी के विचारधारा सभी को एक साथ लेकर विकास की राह पर चलने का है।

## युवाओं का दो दिवसीय जीवन कौशल प्रशिक्षण का हुआ समापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के चैनपुर पंचायत भवन में स्वयं सेवी संस्था परिवार विकास के द्वारा चाइल्ड फंड इंटरनेशनल के सहयोग से युवाओं के समग्र विकास, आत्मविश्वास एवं समाज में उनके प्रभावी योगदान को लेकर युवाओं का दो दिवसीय जीवन कौशल प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन चैनपुर जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि, युवाओं को अपनी शिक्षा पर प्राथमिक रूप से ध्यान देना चाहिए और खुद में सुधार लाना चाहिए। तभी वो अपने जीवन के लक्ष्य में सफल हो पाएंगे और साथ ही समाज एवं देश में अपना सक्रिय योगदान दे पाएंगे।

